CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भारतीय लग्न-सारिणी

सूर्योदय या इष्टकाल निकाले बिना जन्म के वर्ष, मास, तारीख, घंटा, मिनट से लग्न स्पष्ट करने की सारिणी

ग्रंथकर्ता
ज्योतिषकलानिधि दैवज्ञ-शिरोमणि
पंडित गोपेशकुमार ओझा, एम० ए०, एल-एल० बी०



R
133.54
OJH

मोतीलाल बनारसीदास
दिल्ली वाराणसी पटना मद्रास

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भारतीय लग्न-सारिणी

सूर्योदय या इष्टकाल निकाले बिना, जन्म के वर्ष, मास,
तारीख, घंटा, मिनिट से लग्न स्पष्ट करने की सारिणी

ग्रंथकर्ता

ज्योतिषकलानिधि दैवज्ञ-शिरोमणि

पंडित गोपेशकुमार ओझा, एम० ए०, एल-एल० बी०

हस्तरेखा-विज्ञान, अंकविद्या (ज्योतिष), सुगमज्योतिषप्रवेशिका, भावार्थबोधिनी
फलदीपिका, त्रिफला (ज्योतिष), जातकादेशमार्ग-चन्द्रिका, व्यापाररत्न (भाग २),
1000 Aphorisms on Love and Marriage (Part I—Western
Astrology, Part II—Hindu Astrology),
Hindu Predictive Astrology आदि
पुस्तकों के रचयिता

मोतीलाल बनारसीदास

दिल्ली वाराणसी पटना मद्रास

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

R
133.54
O.O.
ज्यो · आ.
१६६४८

© मोतीलाल बनारसीदास

मुख्य कार्यालय : बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली ११० ००७
शाखाएँ : चौक, वाराणसी २२१ ००१
अशोक राजपथ, पटना ८०० ००४
६ अप्पर स्वामी कोइल स्ट्रीट, मैलापुर, मद्रास ६०० ००४

प्रथम संस्करण : १९७२
पुनर्मुद्रण : दिल्ली, १९८१, १९८६

मूल्य : रु० ३०

नरेन्द्र प्रकाश जैन, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली ७
द्वारा प्रकाशित तथा जैनेन्द्र प्रकाश जैन, श्री जैनेन्द्र प्रेस, ए-४५,
फेज-१, नारायणा, नई दिल्ली २८ द्वारा मुद्रित।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विषयानुक्रमणिका

प्रथम प्रकरण—सन् १९०० से १९८० तक किसी तारीख को भारतवर्ष में जन्मे किसी व्यक्ति के जन्मकालीन घण्टे, मिनिट से विना जन्मवर्षीय पञ्चाङ्ग, विना सूर्योदय या इष्टकाल निकाले, केवल इस पुस्तक की सारिणियों से लग्न-स्पष्ट करने की उपयोगिता—सूर्योदय तथा इष्टकाल से लग्न बनाने की पद्धति में अशुद्ध लग्न-स्पष्ट के कारण—जन्म के घण्टे, मिनिट और विषुव काल से लग्न बनाने की प्रक्रिया—अयनांश संस्कार—विषुव काल कैसे ज्ञात करना। पृ० १—६

द्वितीय प्रकरण—स्थानीय विषुव काल कैसे ज्ञात करना—उदाहरण—स्थानीय मध्यमकाल कैसे निकालना—जन्मकालीन विषुव काल कैसे बनाना—सारिणी 'क' और 'का'—उदाहरण—सारिणी 'ख' और 'खा'—उदाहरण। पृ० ७—१९

तृतीय प्रकरण—सारिणी 'ग'—अक्षांश ८°, ९°, १०°, ११°, १२°, १३°, १४°, १५°, १६°, १७°, १८°, १९°, २०°, २१°-५९', २२°-३३', २३°-१२', २४°-२७', २५°-१९', २६°-५१', २७°-१०', २८°-४०', ३०°-२', ३१°-१२', ३१°-४६', ३२°-४५', ३३°-२०', ३४°-३०', ३५°-३९' तथा ३६°-४८' को २३° अयनांश की लग्न सारिणी। पृ २०-७९

चतुर्थ प्रकरण—भारतीय स्टैण्डर्ड टाइम और स्थानीय मध्यम काल—सारिणी 'घ'—स्थानीय मध्यम काल बनाने के लिए कितने मिनिट, सैकिंड जोड़ना या घटाना। पृ० ८०-८४

पञ्चम प्रकरण—अयनांश—सन् १९०० से १९८० तक प्रतिवर्ष १ जनवरी को कितना अयनांश था या होगा—अयनांश संस्कार कैसे किया जावे—उदाहरण। पृ० ८५-८७

षष्ठ प्रकरण—उदाहरण—१९ अगस्त १९५१ को प्रातः ८-१५ पर मुजफ्फरपुर में लग्न स्पष्ट—१२ अक्तूबर १९४१ को प्रातः ३-४५ पर सूरत में लग्न स्पष्ट—६ जुलाई १९०६ को सायंकाल ५-४६ पर बम्बई में लग्न स्पष्ट—२० अगस्त १९२५ को सायंकाल ६-१० पर जामनगर में लग्न-स्पष्ट—४ अक्तूबर १९२८ को प्रातः ६-४० पर दिल्ली में लग्न स्पष्ट। पृ० ८८-९३

सप्तम प्रकरण—दशम स्पष्ट करने की पद्धति—उदाहरण। पृ० ९४-९५

शुद्धि-पत्र पृ० ९६

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भूमिका

अथ स्वस्थाय देवाय नित्याय हतपाप्मने ।
त्यक्तक्रमविभागाय चैतन्यज्योतिषे `नमः ॥

यह पुस्तक पाठकों के सम्मुख रखते हुए हमें बहुत हर्ष हो रहा है। जैसा कि पुस्तक के नाम से ही विदित है, भारत के किसी भी स्थान में—किसी तारीख को, कितने बजकर कितने मिनिट पर—किस राशि के कितने अंश, कला, विकला उदित होंगे, यह लग्न स्पष्ट करने की प्रणाली इसमें समझायी गयी है।

अनादिकाल से लग्न स्पष्ट निकालने की सारिणियाँ—सायन तथा निरयन भारत वर्ष में प्रचलित हैं और उनसे लग्न स्पष्ट करने की विधि भी ज्योतिषियों को विदित है। किन्तु इस सारिणी में कुछ विशेषता है। प्रायः पुरानी सारिणियों से लग्न स्पष्ट करने के लिए—सूर्योदय निकालना पड़ता है, जन्म के समय सूर्योदय से कितनी घड़ी, कितने पल बीत चुके हैं यह गणित करना पड़ता है—इसे इष्टम् या श्री सूर्योदयादिष्टम् कहते हैं। इस इष्टकाल को निकालने के बाद लग्न स्पष्ट किया जाता है।

प्राचीन समय में जब कालगणना घड़ी, पलों में होती थी तब इस प्रकार श्री सूर्योदयादिष्टम् निकालकर लग्न स्पष्ट करना ठीक था। परन्तु अब कालगणना घंटों और मिनिटों में होती है और जो बच्चा होता है, उसका पिता या अभिभावक ज्योतिषी को जन्मकाल घण्टों और मिनिटों में ही बतलाता है। ऐसी स्थिति में घण्टों और मिनिटों को—पहिले घड़ी, पलों में परिवर्तित कीजिए, फिर लग्न स्पष्ट कीजिए। यह द्रविड़ प्राणायाम की प्रक्रिया क्यों की जावे ? साक्षात् जन्मकालीन घंटे, मिनिट से लग्न स्पष्ट क्यों न कर लिया जावे ?

इस सारिणी की यही विशेषता है। इससे लग्न स्पष्ट करने में न तो सूर्योदय निकालना पड़ता है, न इष्टकाल निकालने की आवश्यकता पड़ती है। बिना सूर्योदय या इष्ट काल निकाले—जन्म के घण्टे, मिनिट से साक्षात् निरयन लग्न स्पष्ट हो जाता है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि शुद्ध संस्कृत शब्द 'निरयण' है, किन्तु जैसे संस्कृत 'दुग्ध' का अपभ्रंश 'दूध' ही हिन्दी में सदा व्यवहृत होता है, उसी प्रकार 'निरयन' शब्द ही हिन्दी मे प्रचलित हैं और इसी कारण हमने 'निरयन' शब्द का प्रयोग ही इस पुस्तक में किया है।

हमारी लिखी हुई पुस्तकों में (यथा सुगमज्योतिष-प्रवेशिका, भावार्थबोधिनी फलदीपिका, त्रिफला (ज्योतिष), जातकादेश मार्ग-चन्द्रिका में) लग्न स्पष्ट पर आधारित नवांश तथा अन्य वर्ग कुण्डलियों पर प्रकाश डाला गया है। परन्तु जब वर्गकुण्डलियाँ ही गलत होंगी तो फल कैसे मिलेगा ? वर्गकुण्डलियों की शुद्धता लग्न स्पष्ट की शुद्धता और ग्रह स्पष्ट की शुद्धता पर निर्भर होती है। दशा, अन्तर्दशा की शुद्धता चन्द्र स्पष्ट की शुद्धता पर निर्भर है। पाठकों का ध्यान इस ओर विशेष आकर्षित किया जाता है कि लग्न स्पष्ट तथा ग्रह स्पष्ट बहुत शुद्धता से करें। इसके बाद हमने अपने ज्योतिष ग्रन्थों में फलादेश के जो सिद्धान्त बतायें हैं, उन्हें जन्म कुण्डलियों पर लागू करें।

शुद्ध गणित के आधार पर ही ८ दिसम्बर १९७१ को हमने यह भविष्यवाणी की थी कि १६ दिसम्बर १९७१ को बंगाल में हो रहा भारत-पाक युद्ध समाप्त हो जावेगा। यह भविष्यवाणी पेरिस से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अंग्रेजी दैनिक International Herald Tribune में प्रथम पृष्ठ पर निम्नलिखित रूप में प्रकाशित हुई थी :

"Astrologer Says War Can End on Thursday. New Delhi, Dec. 13(Reuters). A noted Indian astrologer has predicted that the Indian Pakistani war may end Thursday.

Gopesh Kumar Ojha said that "The maximum duration of war can be till Dec. 23 but the likely probability is that the war will end on Dec. 16. The Indian stars are in the ascendancy and India will be victorious".

Mr. Ojha is the author of 11 books on astrology and other subjects."

दिल्ली, ज्येष्ठ शुक्ला पूर्णिमा
सम्वत् २०२६

गोपेश कुमार ओझा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भारतीय लग्नसारिणी

प्रथम प्रकरण

भारतवर्ष में हजारों वर्ष से सूर्योदय तथा इष्टकाल से लग्न बनाने का पद्धति प्रचलित है। सूर्योदय निकालना, उसके अनन्तर सूर्योदय के कितने घड़ी, कितने पल बाद जन्मकाल है, यह निकालना। सूर्योदय के जितने घड़ी, जितने पल बाद जन्म हो उसे इष्ट कहते हैं। इस इष्ट के घटी पल से लग्न निकालने की प्रक्रिया प्रायः ज्योतिषियों को विदित है इसलिए वह यहाँ नहीं समझाई जाती है। जिनको ज्ञात न हो वह सुगम ज्योतिष प्रवेशिका के ४२-४४ पृष्ठों का अवलोकन करें।

इस प्रकार दी गई पद्धति से लग्न निकालने के लिए उदय काल का स्पष्ट सूर्य निकालना पड़ता है। प्रत्येक स्थान का स्पष्ट सूर्य उदय के समय–प्रत्येक पंचांग में दिया नहीं रहता है। उदाहरण के लिये काशी के विश्वपंचांग में जो प्रत्येक दिन सूर्योदय के समय सूर्य स्पष्ट दिया गया है, वह उस वर्ष के उस दिन के काशी के सूर्योदय का है। किसी अन्य स्थान या अन्य तिथि (किसी अन्य वर्ष की अंग्रेजी तारीख या चान्द्र तिथि) के लिये उसका उपयोग शुद्ध नहीं हो सकता। अब यदि कोई कहे कि सन् १९१४ की १४अगस्त को दिन के ३बज कर २५मिनिट पर किसी जातक का जन्म दमोह (मध्य प्रदेश) में हुआ तो दमोह का सूर्योदय के समय सूर्य स्पष्ट कहाँ से प्राप्त होगा? गणित प्रक्रिया द्वारा उदय काल का सूर्य स्पष्ट या जन्म के समय का सूर्य स्पष्ट करना कष्टसाध्य है। फिर सूर्योदय काल घंटा मिनिट सेकिंड में होना चाहिये तभी तो ३ बजकर २५ मिनिट पर कितना इष्ट काल होगा यह निकाला जा सकता है।

सूर्योदय काल भी वह होना चाहिये जिस समय सूर्य का आधा बिंब उदित हो चुका हो। तभी तो कुंडलियों में लिखते हैं 'मार्तण्डमण्डलार्द्धोदयादिष्टम्' अर्थात् मार्तण्ड (सूर्य) मण्डल (बिंब) के आधे उदित होने के इतने घड़ी इतने पल पर जन्म हुआ। अंग्रेज़ी समाचार पत्रों में जो सूर्योदय का घंटा, मिनिट दिया रहता है वह स्थूल है। वहाँ केवल घंटा, मिनिट का उल्लेख रहता है, जिससे समाचार पत्र के पाठकों को स्थूल ज्ञान हो जावे कि सूर्योदय किस समय हुआ। सेकिण्ड नहीं दिये जाते। इसके अतिरिक्त सूर्योदय काल जो समाचार पत्रों में प्रकाशित होता है वह केवल उस स्थान को लागू होता है। दिल्ली के समाचार पत्रों में जो सूर्योदय काल दिया रहता है वह दिल्ली के लिये है। यदि आपको अलवर या जयपुर में उत्पन्न बालक की कुण्डली बनानी है तो दिल्ली का सूर्योदय काल अलवर, या जयपुर के लिये अशुद्ध होगा। परन्तु प्रायः यह देखा जाता है कि जन्म पत्र बनाने वाले ज्योतिषी के पास जहाँ का पंचांग हुआ वहीं का सूर्योदय काल—जो पंचांग में दिया रहता है—लेकर इष्ट बना लेते हैं जो अशुद्ध होता है।

समाचार पत्रों में दिये गये सूर्योदय के काल को आधार मानकर यदि इष्ट काल बनाया जावे तो उसमें एक अन्य अशुद्धि और प्रविष्ट हो जाती है। समाचार पत्रों में दिया गया सूर्योदय काल सूर्योदय के मध्य का नहीं होता है; सूर्य बिंब के ऊपर के उदय का है। सूर्य बिंब के ऊपरी भाग के उदय का भी नहीं। जब सूर्य बिंब का ऊपरी भाग दिखलाई देने लगता है, उस समय का है। परन्तु सूर्य बिंब

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उदय से कुछ पहिले ही रश्मियों की तिरछाई के कारण दिखलाई देने लगता है। यह रश्मियां सूर्य बिंब के उच्च-तम भाग के उदय होने के २ मिनिट १५ सेकिंड पूर्व ही दिखलाई देने लगती हैं। सूर्य बिंब के उच्चतम भाग उदित होने के १ मिनिट १० सेकिंड बाद सूर्य बिंब का मध्य भाग (केन्द्र) उदित होता है। इसलिये भारतीय ज्योतिष के विचार से, जो सूर्य बिंब के उच्चतम भाग के दिखाई देने का समय समाचार पत्रों में प्रकाशित होता है, उसके ३ मिनिट २५ सेकिंड बाद सूर्य बिंब का केन्द्र उदित मानना चाहिए।

एक दूसरी अशुद्धि जो प्रायः व्यापक रूप से देखी जाती है, वह यह है कि पंचांग में दिनमान (उस दिन) यदि ३२ घड़ी १६ पल है और जन्म दिन के २ बजकर २४ मिनिट पर है तो मध्याह्न को १६ घटी ८ पल मान उसमें २ घंटा २४ मिनिट के ६ घड़ी जोड़कर इष्टम् २२/८ लिख देते है। १६ घड़ी ८ पल पर लोकल टाइम (स्थानीय काल) का मध्याह्न हुआ। रेलवे घड़ी या भारतीय स्टैण्डर्ड टाइम के १२ बजे, सब स्थानों में मध्याह्न नहीं होता।

इन्हीं सब दोषों का निराकरण करने के लिये जन्म कालीन विषुव काल से साक्षात् निरयन लग्न निकालने की पद्धति बताई जाती है।

जिनको विषुव काल से निरयन लग्न निकालने का अभ्यास नहीं है उन्हें संभवतः प्रारंभ में असुविधा हो। परन्तु एक बार समझ में आ जाने पर, और अभ्यास हो जाने पर सरल हो जाता है। समय कम लगता है और लग्न भी शुद्ध निकलता है।

किस अक्षांश पर, किस विषुव काल पर, क्या लग्न होता है यह आगे सारिणी 'ग' में दिया गया है। सारिणी 'ग' में ० से लेकर २४ घंटे तक विषुव काल दिया गया है। बांयी ओर अपना अभीष्ट विषुव काल देखिये। ऊपर की ओर अक्षांश देखिये। उदाहरण के लिये ३ घंटा ३४ मिनिट ४१ सेकिंड विषुव काल पर निम्नलिखित लग्न होगा :—

२१° अक्षांश पर ३ अंश २४ कला सिंह
२१°-५९' अक्षांश पर ३ अंश ३९ कला सिंह
२२°-३३' अक्षांश पर ३ अंश ४३ कला सिंह
२३°-१२' अक्षांश पर ३ अंश ५६ कला सिंह
२४°-२७' अक्षांश पर ४ अंश १३ कला सिंह
२५°-१९' अक्षांश पर ४ अंश २६ कला सिंह
२६°-५१' अक्षांश पर ४ अंश ४८ कला सिंह
२७°-१०' अक्षांश पर ४ अंश ५२ कला सिंह
२८°-४०' अक्षांश पर ५ अंश १४ कला सिंह

अक्षांश सारिणी 'ग' में ३ घंटा ३४ मिनिट ४१ सेकिंड के बाद कोष्ठ में दशम स्पष्ट है वृष के ३ अंश। दशम स्पष्ट क्या? दशम भाव मध्य। लग्न स्पष्ट और दशम स्पष्ट से ही भाव चक्र या चलित चक्र बनता है। प्रायः ज्योतिषियों को लग्न स्पष्ट और दशम स्पष्ट से भाव चक्र (द्वादश भाव मध्य और द्वादश भाव संधि) बनाना आता है। इसलिये यहाँ नहीं समझाया जा रहा है। जिनको यह विषय अवगत न हो वे सुगम ज्योतिष प्रवेशिका देखें।

यहाँ बताना यह अभीष्ट है कि सारिणी 'ग' में प्रथम कोष्ठ में विषुव काल दिया गया है। द्वितीय कोष्ठ में दशम स्पष्ट (दशम भाव मध्य) और बाकी के कोष्ठों में प्रत्येक अक्षांश के नीचे—उस अक्षांश पर जो लग्न उदित होगा वह दिया गया है। यहाँ नवीन पाठकों को यह शंका हो सकती है कि किसी एक विषुव काल पर लग्न के भिन्न-भिन्न अंश, कला उदित होते हैं, इसलिये प्रत्येक अक्षांश के नीचे लग्न के अंश, कला की पृथक्-पृथक् संख्या दी किन्तु दशम स्पष्ट पृथक्-पृथक् क्यों नहीं दिये। इसका उत्तर यह है कि किसी निर्धारित विषुव काल पर, भिन्न-भिन्न अक्षांशों पर लग्न के अंश, कला भिन्न-भिन्न होते हैं परन्तु सब अक्षांशों पर दशम स्पष्ट एक ही होता है।

२२°-३३' कलकत्ता का अक्षांश है। २५°-१९' काशी का अक्षांश है। २६°-५१' लखनऊ का अक्षांश है। २७°-१०' आगरा का अक्षांश है। २८°-३०' दिल्ली का अक्षांश है।

अब इस सारिणी 'ग' की सहायता से ३ घंटा ३४

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मिनिट ४१ सेकिण्ड के आगे और २२°-३३' अक्षांश के नीचे देखेंगे तो ३ अंश ४३ कला सिंह मिलेगा। यदि ३ घंटा ३४ मिनिट के आगे २५°-१९' के नीचे देखेंगे तो ४ अंश २६ कला सिंह मिलेगा। इसी प्रकार अन्यत्र समझिये। दशम भाव मध्य इस विषुव काल पर वृष के ३ अंश होंगे। जन्म के समय का विषुव काल ज्ञात करने के बाद, लग्न, सारिणी 'ग' के पृष्ठ उलटने से तत्काल ज्ञात हो जाता है। यहाँ यह उल्लेख करना आवश्यक है कि सारिणी 'ग' २३ अयनांश सम्बन्धी है। जिस दिन (जन्मकालिक वर्ष, मास, दिन) का विषुव काल आपने लिया है, उस दिन यदि अयनांश २३ अंश था तो ऊपर जो लग्न के अंश, कला निकाले हैं वह शुद्ध हैं।

किन्तु ऊपर जो २४°-२७' अक्षांश पर ४ अंश १३ कला सिंह का लग्न निकाला है उसदिन अयनांश २३°-२०'-१५" था तो यह २३ अयनांश सम्बन्धी सारिणी है, इसलिये २०'-१५" और घटाइये। यथा

	रा०अं०क०वि०
लग्न	४-४-१३-०
अयनांश संस्कार	०-०-२०-१५
शुद्ध लग्न	४-३-५२-४५

इसी प्रकार दशम स्पष्ट में संस्कार करना चाहियेः—

	रा०अं०क०वि०
दशम स्पष्ट	१-३-०-०
अयनांश संस्कार	०-०-२०-१५
शुद्ध दशम स्पष्ट	१-२-३९-४५

इसे अयनांश संस्कार कहते हैं। सिंह राशि के ३ अंश ५२ कला ४५ विकला लग्न आया। एक शंका यहाँ संभावित है। जब अयनांश २३°-२०'-१५" है तो यहाँ केवल २० कला १५ विकला क्यों घटाये? २३ अंश क्यों नहीं घटाये? इसका उत्तर यह है कि जब यह सारिणी बनायी तभी २३ अंश घटा दिये थे इसीलिए इस सारिणी 'ग' का नाम २३ अयनांशसम्बन्धी सारिणी रखा गया।

अब एक अन्य उदाहरण लीजिए। पिछले पृष्ठ पर २८°-४०' अक्षांश पर ३ घंटा ३४ मिनिट ४१ सेकिंड विषुव काल पर, लग्न सिंह के ५ अंश १४ कला निकाले हैं। यदि जिस दिन (जन्म के वर्ष, मास, दिन) का यह विषुव काल है उस दिन अयनांश २२ अंश ३५ कला ३० विकला था तो अयनांश संस्कार क्या किया जावेगा?

इसका उत्तर यह है कि हमें घटाने चाहिये थे २२°-३५'-३०" और हमने इस सारिणी में घटाए हैं २३ अंश (क्योंकि सारिणी 'ग' २३ अयनांश सम्बन्धी है) इसलिए

अं०क०वि०
२३-०-०
२२-३५-३०
०-२४-३०

हमने २४ कला ३० विकला अधिक घटाए हैं। इसलिए २४'-३०'—ऊपर जो २८-४०' अक्षांश पर लग्न लाए हैं उसमें जोड़ दीजिए।

	रा०अं०क०वि०
लग्न	४-५-१४-०
अयनांश संस्कार जोड़िए	०-०-२४-३०
शुद्ध लग्न	४-५-३८-३०

इसी प्रकार दशम स्पष्ट में २४-'-३०" जोड़े जावेंगे।

	रा०अं०क०वि०
सारिणी से सम्पादित दशम स्पष्ट	१-३-०-०
अयनांश संस्कार जोड़िए	०-०-२४-३०
शुद्ध दशम स्पष्ट	१-३-२४-३०

कहने का तात्पर्य यह कि यदि अभीष्ट दिन का अयनांश २३ अंश से अधिक हो तो २३ अंश से जितना अधिक हो उतना घटाइये। यदि अयनांश २३ अंश से कम हो तो जितना अयनांश २३ अंश से अधिक हो उतना जोड़िये।

अयनांश सारिणी 'ङ' इस पुस्तक के अंत में दी गई है। प्रत्येक अंग्रेजी की पहली जनवरी को कितना अयनांश था यह दिया गया है। बीच के किसी दिन का अयनांश अनुपात से निकालना चाहिए।

उदाहरण के लिए १ जनवरी सन् १९१३ को यदि अयनांश २२°-३८'-२८" था और १जनवरी सन् १९१४ को२२-३९-२४ तो एक वर्ष में ५६ विकला अयनांश की वृद्धि हुई। आपको १ अप्रैल सन् १९१३ को अयनांश ज्ञात करना है तो ३ मास में (एक वर्ष का चौथाई) १४ कला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अयनांश की वृद्धि हुई। इस १४ कला को १-१-१९१३ के अयनांश में जोड़ा तो १ अप्रैल १९१३ को २२°-३८'४२" अयनांश हुआ।

प्रस्तुत प्रकरण में अब हम लग्न स्पष्ट की चर्चा करेंगे। दशम स्पष्ट के प्रकरण को यहाँ छोड़ देंगे। दशम स्पष्ट प्रकरण पुस्तक के अंत में दिया गया है।

नवीन पाठकों को एक और शंका हो सकती है। वह यह कि सारिणी में ३ घंटा ३४ मिनिट ४१ सेकिंड का विषुव काल होने से २७°-१०' अक्षांश पर सिंह लग्न के ४ अंश ५२ कला उदित लग्न स्पष्ट बतलाया और २८ अंश ४० कला पर सिंह के ५ अंश १४ कला उदित (लग्न स्पष्ट) बतलाया। अब यदि जिस स्थान पर बालक का जन्म हुआ है—उस स्थान का अक्षांश २७°-५५' है तो २७°-५५' अक्षांश की लग्न सारिणी तो दी नहीं गई है तब लग्न कैसे निकालें? इसका उत्तर यह है कि २७°-१०' का लग्न निकालिए और २८°-४०' का लग्न निकालिए। फिर अनुपात (त्रैराशिक) से २७'-५५, का लग्न निकालिए। २७°-५५' अक्षांश, २७°-१०'+२८°-४०'= ५५°-५०' का आधा है। इसलिए २७°-१०' पर सिंह के ४ अंश ५२ कला और २८°-४०' पर सिंह के ५ अंश १४ कला तो २७°-५५' पर सिंह के ५ अंश ३ कला उदित हुए।

अब एक शंका यहाँ और उपस्थित की जाती है। मान लीजिए दिल्ली का जन्म है। दिल्ली का अक्षांश २८°-४०' है। जन्म के समय का विषुव काल १३ घंटा ११ मिनिट ५९ सेकिंड है। सारिणी 'ग' के पृष्ठ उलट कर देखें। २८°-४०' के नीचे और घंटा मिनिट, सेकिंड के कोष्ठ में १३ घंटे ११ मिनिट ५९ सेकिंड विषुव काल नहीं दिया गया है। अब क्या किया जावे? इसका उत्तर यह है कि जब आपको १३ घंटा ११ मिनिट ५९ सेंकिड विषुव काल का लग्न निकालना है और इस घंटा, मिनिट, की संख्या समय वाले कोष्ठ में नहीं दी गई है तो समीपस्थ घंटा, मिनिट सेकिंड की संख्या मालूम कीजिए।

ऐसा मालूम करने से देखा कि २८°-४०' अक्षांश का १३ घटा १० मिनिट ७ सेकिंड का लग्न धनु १०°-३२' है और १३ घंटा १३ मिनिट ५१ सेकिंड का लग्न धनु ११°-२४' है। अब इन दोनों संख्याओं का योग कर

	घं०मि०से०	रा०अं०क०
	१३-१०- ७	८-१०-३२
	१३-१३- ५१	८-११-२४
	२६-२३- ५८	१६-२१-५६
आधाकिया	१३-११-५९	८-१०-५८

तो १३ घंटा ११ मिनिट ५९ विषुव काल का लग्न आया धनु राशि के १० अंश ५८ कला। यदि विषुव काल ठीक बीच में न आवे तो अनुपात (त्रैराशिक) से निकालिए।

जब कलाओं का भिन्न आवे तो विकला बना लीजिए। विकला का भिन्न आवे तो आधे से अधिक आवे तो पूरा मान लीजिए। यदि आधे से कम आवे तो छोड़ दीजिए। "सूक्ष्मान्तरत्वात् नो दोषः" अर्थात् सूक्ष्म अन्तर होने से दोष नहीं होता।

आशा है, विषुव काल से लग्न निकालना पाठकों को हृदयंगम हो गया होगा।

अब जन्म के समय विषुव काल कैसे निकालना यह बतलाया जाता है। विषुव काल को ही साम्पातिक काल भी कहते हैं। अंग्रेजी पंचांगों और कुछ देशी पंचांगों में मध्याह्न का विषुव काल दिया रहता है। परन्तु यदि किसी ने कहा कि २७ अगस्त १९०८ को १२ बजे दिन की जन्म कुंडली बना दीजिए तो आप सन् १९०८ का अंग्रेजी पंचांग कहां से लावेंगे? पंचांग (अंग्रेजी) के अभाव में विषुव काल कहाँ से ज्ञात करेंगे? इसलिए विषुव काल की सारिणी प्रस्तुत पुस्तक में दे दी गई है कि किसी वर्ष के किसी दिन का मध्याह्न का विषुव काल कैसे ज्ञात करना।

विषुव काल कैसे ज्ञात करना—

विषुव काल निकालने के लिये इस पुस्तक में दो सारिणियाँ दी गई हैं—सारिणी 'क' तथा सारिणी 'ख'। सारिणी 'क' में सन् १९०० के प्रतिदिन का विषुव काल ग्रीनिज (Greenwich) के मध्याह्न का दिया गया है। ग्रीनिज का देशान्तर (longitude) शून्य है

दूसरी सारिणी 'ख' में प्रतिदिन का विषुव काल ग्रीनिज के मध्याह्न में—सन् १९०४ का दिया गया है।

दोनों सारिणियों में अन्तर क्या है? एक में ईसवी सन् १९०० का विषुव काल है, दूसरी में ईसवी सन् १९०४ का विषुव काल है। दो सारिणियाँ देने की आव-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्यकता क्या थी—क्या एक ही सारिणी से काम नहीं चल सकता था? दो सारिणियाँ देने की आवश्यकता यह है कि यदि जन्म तारीख ऐसी ईसवी सन् में पड़े जिसमें ३६५ दिन हों—अर्थात् फ़रवरी में २८ दिन हो तो ईसवी सन् १९०० की सारिणी व्यवहार में लाइये, क्योंकि सन् १९०० में ३६५ दिन थे। किन्तु यदि जन्म ऐसे वर्ष में हो जिसमें ३६६ दिन थे तो ईसवी सन् १९०४ की विषुव सारिणी काम में लाइये क्योंकि इस वर्ष में ३६६ दिन थे—क्योंकि फ़रवरी मास में २९ दिन थे।

अब यह बताया जाता है कि सन् १९०० से १९८० तक किन वर्षों में ३६६ दिन होते हैं। यह वर्ष निम्नलिखित ईसवी सन् हैं:—

१९०४, १९०८, १९१२, १९१६, १९२०, १९२४, १९२८, १९३२, १९३६, १९४०, १९४४, १९४८, १९५२ १९५६, १९६०, १९६४, १९६८, १९७२, १९७६, १९८०। अन्य वर्षों में ३६५ दिन।

जिस वर्ष लीप इयर होता है उस वर्ष फरवरी में २९ दिन होते हैं। इस कारण उस अंग्रेजी वर्ष में ३६६ दिन होते हैं। किस वर्ष लीप इयर होगा यह जानने का प्रकार निम्नलिखित है:—

(१) ईसवी सन् में ४ का भाग दीजिए। यदि भाग पूरा-पूरा चला जावे, कुछ शेष न बचे तो वह वर्ष लीप इयर होगा। उस अंग्रेजी वर्ष में फ़रवरी में २९ दिन होंगे और वर्ष में ३६६ दिन। इस साधारण नियम का एक अपवाद है।

(२) यदि ईसवी सन् के अंत में दो शून्य आवें—जैसे १९०० में तो ४ से भाग न देकर ४०० से भाग देना चाहिये। यदि पूरा-पूरा भाग चला जावे, कुछ शेष न बचे तो लीप इयर होगा, फ़रवरी में २९ दिन होंगे, वर्ष में ३६६ दिन। किन्तु यदि शेष बचे तो फ़रवरी में २८ दिन, वर्ष में ३६५ दिन।

उदाहरण के लिए सन् १९०० के अंत में दो शून्य हैं इसलिए ४०० का भाग दिया। शेष ३०० बचे इसलिए फ़रवरी में २८ दिन और वर्ष में ३६५ दिन।

दूसरा उदाहरण सन् २००० का लीजिए। ४०० से भाग दीजिए; शेष कुछ नहीं बचा। इस कारण फ़रवरी में २९ दिन होंगे और वर्ष में ३६६ दिन।

यह तो समझाया गया दो सारिणियों 'क' और 'ख' के विषय में—एक सन् १९०० की और एक सन् १९०४ की। अब आपको जिस वर्ष में उत्पन्न व्यक्ति की कुण्डली बनानी है, उस वर्ष (ईसवी सन्) का विचार कीजिए। यदि उस वर्ष में ३६५ दिन थे तो सारिणी 'क' सन् १९०० की काम में लाइए। यदि जिस वर्ष में जातक पैदा हुआ है उसमें ३६६ दिन थे तो सारिणी 'ख' १९०४ की उपयोग में लाइए।

किन्तु यह तो दैनिक विषुव काल की सारिणी सन् १९०० तथा सन् १९०४ की है और आपको जिसकी कुण्डली बनानी है उसका जन्म हुआ है मान लीजिए सन् १९२८ में तो क्या संस्कार करने से १९२८ का विषुव काल ज्ञात हो सकेगा। यह उदाहरण द्वारा समझाया जाता है।

मान लीजिए आपको २६ जून १९२८ का मध्याह्न का विषुव काल निकालना है। तो पहिले देखिए सारिणी 'ख'। सारिणी 'ख' देखने के लिये क्यों कहा, सारिणी 'क' का उपयोग क्यों न किया गया? क्योंकि सारिणी 'ख' लीप इयर वाली सारिणी है और सन् १९२८ (जिसके २६जून का मध्याह्न का विषुव काल निकालना है)लीप इयर था। अस्तु १९०४ लीप इयर वाली सारिणी में २६ जून को (सारिणी 'ख' में) विषुव काल ६ घंटा १६ मिनिट ४३ सेकिण्ड लिखा है।

अब सारिणी 'खा' देखिए। इस सारिणी में सन् १९२८ के आगे लिखा है +४४ सेकिण्ड। इसलिए २६ जून १९०४ के मध्याह्न का जो विषुव काल ६ घंटा १६ मिनिट ४३ सेकिण्ड दिया गया है उसमें ४४ सेकिण्ड जोड़िए

	घं०मि०से०
२६ जून १९०४ का विषुव काल	६-१६-४३
जोड़िये	+०-०+४४
२६ जून १९२८ का विषुव काल	६-१७-२७

यह २६ जून सन् १९२८ के मध्याह्न का विषुव काल प्राप्त हो गया। अब एक अन्य उदाहरण लीजिए—एक ऐसे वर्ष का जो लीप इयर न हो। उदाहरण के लिए हमें १९१० के ११ दिसम्बर का विषुव काल मालूम करना

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है, यह लीप इयर न था। इस अंग्रेजी वर्ष में फरवरी में २९ दिन नहीं थे प्रत्युत २८ दिन थे। इसलिए सारिणी 'क' और 'का' की सहायता से ११ दिसम्बर १९१० के मध्याह्न का विषुव काल निकाला जावेगा।

सारिणी 'क' १९०० वर्ष के प्रतिदिन के विषुव काल की सारिणी है। इसमें ११ दिसम्बर का विषुव काल है १७ घंटे १८मिनिट ५८ सेकिण्ड। अब आपको सन् १९१० का ११ दिसम्बर का विषुव काल निकालना है। इसलिए देखिए सारिणी 'का'। इसमें सन् १९१० के आगे लिखा है—१ मिनिट ४२ सेकिण्ड। इसलिए निम्नलिखित प्रक्रिया कीजिए:—

	घं०कि०से०
११ दिसम्बर १९०० का विषुव काल	१७-१८-५८
घटाइये	०- १-४२
११ दिसम्बर १९१० का विषुव काल	१७-१७-१६

इस प्रकार सारिणी 'क' और 'का' की सहायता से, या सारिणी 'ख' और 'खा' की सहायता से हम सन् १९०० से १९८० तक किसी वर्ष के किसी दिन के मध्याह्न का विषुव काल निकाल सकते हैं। किन्तु यह ग्रीनिज या ० देशान्तर का विषुव काल हुआ। स्थानीय विषुव काल कैसे निकालना यह आगे बताया जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

द्वितीय प्रकरण

स्थानीय विषुव काल कैसे निकालना

ग्रीनिज मध्याह्न का विषुव काल निकालना पिछले पृष्ठों में बतलाया गया है। अब यह बताते हैं कि ग्रीनिज के विषुव काल से स्थानीय विषुव काल कैसे बनाना।

भारतवर्ष ग्रीनिज से पूर्व है इसलिए ग्रीनिज के विषुव काल में से कुछ सेकिण्ड घटाने से, भारत के किसी स्थान के मध्याह्न का विषुव काल निकल आता है। कितने सेकिण्ड घटाने से ? जितने देशान्तर के अंश हों उसके दो तिहाई सेकिण्ड घटाने से।

उदाहरण के लिए भारत के ८२°-३०′ साढ़े बयासी देशान्तर के स्थानीय विषुव काल ज्ञात करने के लिए ८२°-३० का $\frac{2}{3}$ (दो तिहाई) अर्थात् ५५ सेकिण्ड घटाने से स्थानीय विषुव काल निकल आता है।

उदाहरण

(१) २६ जून १९२८ को ८२°-३०′ देशान्तर पर विषुव काल क्या होगा ?

पिछले पृष्ठों पर २६ जून १९२८ का ग्रीनिज का विषुव काल ६ घंटा १७ मिनिट २७ सेकिण्ड निकाला है। इसमें ८२°-३०′ के $\frac{2}{3}$ अर्थात् ५५ सेकिण्ड कम कीजिए:

	घं०मि०से०
ग्रीनिज का विषुव काल	६- १७-२७
घटाइए	०- ० -५५
८२°-३०′ का विषुव काल	६- १६-३२

(२) ११ दिसम्बर १९१० को ८२°-३०′ देशान्तर पर क्या विषुव काल होगा ?

पिछले पृष्ठों पर ११ दिसम्बर १९१० का ग्रीनिज का विषुव काल १७ घंटे १७ मिनिट १६ सेकिण्ड निकाला है। अतः ८२°-३०′ का विषुव काल निकालने के लिए ५५ सेकिण्ड कम किए:—

	घं०मि०-से०
ग्रीनिज का विषुव काल घटाइए	१७-१७-१६
घटाइये	०- ०-५५
८२°-३०′ का विषुव काल।	१७-१६-२१

यह स्थानीय विषुव काल निकालना बतलाया। यहाँ ८२°-३०′ जो देशान्तर दिया गया है, वह ग्रीनिज ०° से देशान्तर लिया गया है। यह देशान्तर प्रायः भूगोल के चित्रों में—एटलस में दिया रहता है

नीचे कतिपय भारतीय प्रमुख नगरों का देशान्तर दिया जाता है। **जो देशान्तर हो उस के $\frac{2}{3}$ अर्थात् देशान्तर के दो तिहाई सेकिण्ड ग्रीनिज के विषुव काल में घटाने से स्थानीय विषुव काल निकल आता है।** यदि $\frac{2}{3}$ करने से पूरे पूरे सेकिंण्ड न आवें तो आधे से अधिक सेकिण्ड आवें तो उसे पूरा मान लेना, यदि आधे से कम आवें तो उसे छोड़ देना यह प्रक्रिया है। उदाहरण के लिए ८०° देशान्तर का दो तिहाई ५३$\frac{1}{3}$ होता है। $\frac{1}{3}$ आधे से कम है, इसलिए $\frac{1}{3}$ छोड़ देना। ५३ सेकिण्ड कम करना।

मान लीजिए ७७° देशान्तर का $\frac{2}{3}$ दो तिहाई ५०$\frac{2}{3}$ सेकिण्ड आता है। $\frac{2}{3}$ आधे से अधिक है। इसलिए १ सेकिंड पूरा लेकर ५१ सेकिण्ड घटाना।

नगर	देशान्तर	कितने सेकिंड घटाना
अगरतला	९१°-१७′	६० सेकिंड
अजमेर	७४°-३८′	४९ ,,
अमृतसर	७४°-५३′	४९ ,,
इलाहाबाद	८१°-५१′	५४ ,,
अलीगढ़	७८°-४५′	५१ ,,
अहमदाबाद	७२°-३८′	४८ ,,
आगरा	७८°-१′	५१ ,,
इन्दौर	७५°-५१′	५० ,,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इम्फाल	९३°-२७'	६२	,,
उज्जैन	७५°-४५'	५०	,,
ऊटकमण्ड	७६°-४३'	५०	,,
कटक	७५°-५४'	५६	,,
कलकत्ता	८८°-२३'	५८	,,
काञ्चीपुरम्	७९°-४२'	५२	,,
कानपुर	८०°-२०'	५३	,,
कुर्नूल	७८°-३'	५१	,,
कोदाइ कनाल	७७°-२८'	५१	,,
कोहीमा	९४°-७'	६२	,,
गया	८५°-१'	५६	,,
गोहाटी	९१°-४५'	६०	,,
चंडीगढ	७६°-५३'	५१	,,
जबलपुर	७९°-५७'	५६	,,
जम्मू	७४°-५२'	४९	,,
जमशेदपुर	८६°-११'	५७	,,
जयपुर	७५°-४८'	५०	,,
जामनगर	७०'-०७'	४८	,,
जोधपुर	७३°-२'	४८	,,
त्रिवेन्द्रम्	७७°-०'	५१	,,
दार्जीलिंग	८८°-१६'	५९	,,
दिल्ली	७७°-१३'	५१	,,
देहरादून	७८°-३'	५१	,,
नागपुर	७९°-६'	५२	,,
नैनीताल	७९°-२७'	५२	,,
पटना	८५°-८'	५६	,,
पटियाला	७६°-२६'	५०	,,
पुरी	८५°-५०'	५६	,,
पूना	७३°-५२'	४९	,,
पोरबन्दर	६९°-३७'	४६	,,
पाँडीचरी	७९°-५०'	५२	,,
बम्बई	७२°-४९'	४८	,,
बड़ौदा	७३°-१६'	४८	,,
बंगलौर	७७°-३८'	५१	,,
बीकानेर	७३°-१९'	४८	,,
भुज	६९°-४८'	४६	,,
भुवनेश्वर	८५°-५०'	५६	,,
भोपाल	७७°-३६'	५१	,,
मद्रास	८०°-१५'	५३	,,
मंगलोर	७४°-५०'	४९	,,
मैसूर	७६°-३९'	५१	,,
राजकोट	७०°-४८'	४७	,,
लखनऊ	८०°-५६'	५३	,,
वाराणसी	८२°-५९'	५५	,,
विलासपुर (म० प्र०)	८२°-८	५४	,,
विलासपुर (हि० प्र०)	७६°-४५'	५१	,,
विशाखापत्तनम्	८३°-१९'	५५	,,
शिमला	७७°-१०'	५१	,,
शिलांग	९१°-५३'	६१	,,
श्रीनगर	७४°-४८'	४९	,,
शोलापुर	७५°-५५'	५०	,,
सिलीगुरी	८८°-२६'	५८	,,
हैदराबाद	७८°-३०'	५२	,,

अब सम्प्रति पाकिस्तान के अन्तर्गत कुछ नगरों के देशान्तर और उनका विषुव काल निकालने के लिये ग्रीनिज के विषुव काल में से कितने सेकिण्ड कम करना यह बताया जाता है क्योंकि बहुत से भारतीयों का जन्म पाकिस्तान बनने के पहिले, वहाँ हुआ था और वे नगर भारत के अंग थे।

नगर	देशान्तर	कितने सेकिंड घटाना
कराची	६७°-१'	४४ सेकिंड
क्वैटा	६७°-२'	४४ ,,
चटगांव	९१°-५०'	६१ ,,
ढाका	९०°-२५'	६० ,,
पेशावर	७१°-३४'	४७ ,,
रावलपिंडी	७३°-३'	४८ ,,
लाहौर	७४°-१८'	४९ ,,

उपर्युक्त नगरों के देशान्तर और कितना देशान्तर होने से कितने सेकिण्ड घटाना यह अभ्यास और सुविधा के लिये यहाँ दिया गया है। बहुत से नगरों के नाम इस

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूची में नहीं हैं। उनके नाम और देशान्तर एटलस (भूगोल मानचित्र) में देखने चाहिए और ०° ग्रीनिज से जितना देशान्तर दिया हो उसके दो-तिहाई सेकिण्ड ग्रीनिज के विषुव काल में घटाने चाहिए, तो स्थानीय मध्याह्न का विषुव काल निकल आता है।

लग्न निकालने में स्थानीय विषुव काल की आवश्यकता पड़ती है इसलिये स्थानीय विषुव काल कैसे निकालना, यह सविस्तर बतलाया गया है।

दूसरी जिस बात की आवश्यकता लग्न निकालने में पड़ती है उसे स्थानीय मध्यम काल कहते हैं। स्थानीय मध्यम काल और स्थानीय काल में अंतर है। इस लग्न निकालने की पद्धति में स्थानीय मध्यम काल (जिसे अंग्रेजी में लोकल मीन टाइम कहते हैं) की आवश्यकता पड़ती है। अब स्थानीय मध्यम काल निकालना बतलाते हैं।

स्थानीय मध्यम काल कैसे निकालना

स्थानीय मध्यम काल को अंग्रेजी में लोकल मीन टाइम कहते हैं। क्या लोकल टाइम (स्थानीय काल) और लोकल मीन टाइम (स्थानीय मध्यम काल) एक ही बात है? नहीं। स्थानीय काल धूपघड़ी का टाइम (समय) है। जब ठीक दोपहर होती है तो लोकल टाइम (स्थानीय काल) के १२ बजते हैं।

मान लीजिए, १० स्थान ऐसे हैं जिनका देशान्तर एक ही है किन्तु अक्षांश भिन्न-भिन्न हैं। अक्षांश भिन्न होने से सूर्योदय और सूर्यास्त काल भिन्न-भिन्न होगा, इसलिए मध्याह्न भी भिन्न-भिन्न होगा। लोकल टाइम भिन्न-भिन्न अक्षांशों के मध्याह्न का विभिन्न होगा।

किन्तु भिन्न-भिन्न अक्षांशों पर यदि उनका देशान्तर एक ही है तो लोकल मीन टाइम (स्थानीय मध्यम काल) एक ही होगा। इस विषुव काल से लग्न निकालने की प्रक्रिया में लोकल टाइम (स्थानीय काल) की आवश्यकता बिलकुल नहीं पड़ती। इसलिये लोकल टाइम (स्थानीय काल) को भूल जाइये। लोकल मीन टाइम (स्थानीय मध्यम काल) की आवश्यकता पड़ती है। उसे ही याद रखिए। स्थानीय मध्यम काल कैसे ज्ञात करना यह नीचे की पंक्तियों में संक्षेप से समझाया जाता है। विस्तृत विवेचना के लिये सारिणी 'घ' इस पुस्तक में देखें।

यदि भारतीय स्टैंण्डर्ड टाइम (अर्थात् रेल या डाकघर में जो घड़ी का टाइम दिया रहता है, या जो समय रेडियो, टाइमपीस, या घड़ियाँ हमारे-आपके हाथों, घरों या दुकानों में बताती हैं) के सायंकाल के ५-३० बजे हैं तो दिल्ली में लोकल मीन टाइम (स्थानीय मध्यम काल) क्या होगा? दिल्ली का देशान्तर ७७°-१३' है। इसे ८२°-३०' (जिस देशान्तर पर भारतीय स्टैण्डर्ड समय आधारित है) से घटाया तो ५ अंश १७ कला बचे। अंशों को ४ मिनिट से तथा कलाओं को ४ सेकिण्ड से गुणा किया तो २० मिनिट ६८ सेकिंड हुए—अर्थात् २१ मिनिट ८ सेकिंड। क्योंकि दिल्ली देशान्तर ८२°-३०' से पूर्व है, ५-३० बजे में से २१ मि० ८ से० कम किया तो ५ बजकर ८ मिनिट ५२ सेकिण्ड, दिल्ली में स्थानीय मध्यम काल हुआ। इसे सारिणी 'घ' में विस्तार से समझाया गया है, इसलिए पिष्टपेषण नहीं किया जाता। इस प्रकार लोकल मीन टाइम (स्थानीय मध्यम काल) निकालना समझा कर अब जन्म कालीन विषुव काल निकालना बताया जाता है। जन्म कालीन विषुव काल से लग्न निकल आता है। फिर और कोई प्रक्रिया शेष नहीं रहती। केवल अयनांश संस्कार रह जाता है जो पहले बता चुके हैं। आगे फिर समझाया जावेगा।

जन्मकालीन विषुव काल कैसे बनाना

पाठकों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि जन्म स्थानीय मध्यम काल (लोकल मीन टाइम) से जन्मकालीन विषुव काल निकाला जाता है। यदि आप स्थानीय मध्यम काल की जगह भारतीय स्टैंण्डर्ड टाइम ले लेंगे तो आपका लग्न अशुद्ध हो जावेगा। सदैव याद रखिए कि लग्न निकालने के लिए स्टैण्डर्ड काल को स्थानीय मध्यम काल बना लीजिए। स्थानीय? कौन सा स्थानीय? जन्म-स्थानीय। अब जन्मकालीन विषुव काल बनाना बताते हैं।

मान लीजिए, २६ जून १९२८ को ५ बजकर ३० मिनिट पर दिल्ली में किसी व्यक्ति का जन्म हुआ। आपको उसका जन्मकालीन विषुव काल निकालना है। पूर्व

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रक्रिया से २६ जून सन् १९२८ का मध्याह्न कालीन विषुव काल आया ६ घंटा १७ मिनिट २७ सेकिण्ड। यह ग्रीनिज का मध्याह्न का विषुव काल है। दिल्ली का देशान्तर ७७°-१३′ है। इसके दो-तिहाई अर्थात् ५१ सेकिण्ड घटायें तो दिल्ली के मध्याह्न का विषुव काल हुआ—

	घं०मि०से०
ग्रीनिज का मध्याह्न का विषुव काल	६-१७-२७
घटाइए	०-०-५१
दिल्ली का मध्याह्न का विषुव काल	६-१६-३६

यह २६ जून सन् १९२८ का दिल्ली के मध्याह्न का विषुव काल हुआ। आपको स्टैण्डर्ड काल ५ बज कर ३० मिनिट पर विषुव काल निकालना है। इसका स्थानीय मध्यम काल ५ घंटा ८ मिनिट ५२ सेकिंड हुआ, जैसा ऊपर समझाया जा चुका है।

१२ बजे (मध्याह्न) लोकल मीन टाइम (स्थानीय मध्यम काल) और जन्मकाल के स्थानीय मध्यम काल में ५ घंटे ८ मिनिट ५२ सेकिंड का अन्तर है। इन्हें जोड़िए :

	घं०मि०से०
(क) २६ जून का (मध्याह्न) विषुव काल	६-१६-३६
(ख) मध्याह्न के जितने घंटे-मिनिट-सेकिंड बाद जन्म हुआ वह जोड़िए—	५-८-५२
(ग) ऊपर (२) में जितने घंटे हैं उनको ९.८ (प्रायः १० सेकिंड) प्रति घंटे के हिसाब से गुणा कर जोड़िए—	०-०-४९
(घ) दिल्ली में जन्मकालीन विषुव काल	११-२६-१७

यह २६ जून सन् १९२८ को ५ बजकर ८ मिनिट ५२ सेकिंड स्थानीय मध्यम काल पर अर्थात् ५ बज कर ३० मिनिट भारतीय स्टैण्डर्ड टाइम पर विषुव काल हुआ।

अब सारिणी 'ग' से मालूम कर लीजिये कि इस विषुव काल पर दिल्ली में (देखिये अक्षांश २८°-४०′ के नीचे क्योंकि दिल्ली का यह अक्षांश है) क्या लग्न था।

जन्मकालीन विषुव काल से लग्न निकालना पहले बताया जा चुका है। और अधिक जानकारी के लिये पुस्तक के अंत में उदाहरण देखिये।

यहाँ केवल एक बात और समझाई जाती है। ऊपर जो जन्म-दिन के मध्याह्न (१२ बजे लोकल मीन टाइम) और जन्म के समय जो स्थानीय मध्यम काल का अंतर ५ घंटे ८ मिनिट ५२ सेकिंड का अन्तर है उसके लिये ४९ सेकिंड क्यों जोड़े?

इसका उत्तर यह है कि आज जो मध्याह्न में विषुव काल है उससे ३ मिनिट ५६ सेकिंड या ३ मिनिट ५७ सेकिंड अधिक विषुव काल कल होगा। २४ घंटे में २३६ सेकिंड विषुव काल बढ़ा तो ६ घंटे में ५९ सेकिंड। इसीलिये करीब १० सेकिंड प्रति घंटे के हिसाब से विषुव काल बढ़ता है यह जोड़े जाते हैं।

इस नवीन सारिणी से लग्न कैसे निकालना इसके कुछ उदाहरण पुस्तक के अन्त में दिये हैं। उनका अवलोकन करने से इस सारिणी की उपयोग-पद्धति और भी हृदयंगम हो जावेगी।

इस प्रकरण के बाद सारिणी 'क' और 'का' तथा सारिणी 'ख' और 'खा' दी गई हैं और उनका उपयोग समझाया गया है।

आगे सारिणी 'ग'—जन्मकालीन विषुव काल से लग्न निकालने की सारिणी, तथा सारिणी 'घ'—भारतीय स्टैण्डर्ड टाइम से स्थानीय मध्यम काल बनाने की सारिणी एवं सारिणी 'ङ'—अयनांश-सारिणियाँ दी गई हैं।

इस पुस्तक में समझायी गयी पद्धति पाठकों को २-३ बार पढ़ लेनी चाहिये। तब विषय हृदयंगम हो जावेगा; उदाहरणों को भी पढ़ना चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सारिणी 'क'

सन् १९०० की विषुवकाल की सारिणी (ग्रीनिज का मध्याह्नकालिक विषुवकाल)

	जनवरी	फरवरी	मार्च	अप्रैल	मई	जून
ता०	घं० मि० से०	घं० मि० से०	घं० मि० से०	घं० मि० से०	घं० मि० से०	घं० मि० से०
१	१८-४२-४४	२०-४४-५७	२२-३५-२०	०-३७-३३	२-३५-५०	४-३८- ३
२	१८-४६-४०	२०-४८-५३	२२-३९-१७	०-४१-३०	२-३९-४७	४-४२- ०
३	१८-५०-३७	२०-५२-५०	२२-४३-१३	०-४५-२७	२-४३-४३	४-४५-५६
४	१८-५४-३३	२०-५६-४६	२२-४७-१०	०-४९-२३	२-४७-४०	४-४९-५३
५	१८-५८-३०	२१- ०-४३	२२-५१- ६	०-५३-२०	२-५१-३६	४-५३-४९
६	१९- २-२६	२१- ४-४०	२२-५५- ३	०-५७-१६	२-५५-३३	४-५७-४६
७	१९- ६-२३	२१- ८-३६	२२-५९- ०	१- १-१३	२-५९-२९	५- १-४३
८	१९-१०-१९	२१-१२-३३	२३- २-५६	१- ५- ९	३- ३-२६	५- ५-३९
९	१९-१४-१६	२१-१६-२९	२३- ६-५३	१- ९- ६	३- ७-२२	५- ९-३६
१०	१९-१८-१३	२१-२०-२६	२३-१०-४९	१-१३- २	३-११-१९	५-१३-३२
११	१९-२२- ९	२१-२४ २२	२३-१४-४६	१-१६-५९	३-१५-१६	५-१७-२९
१२	१९-२६- ६	२१-२८-१९	२३-१८-४२	१-२०-५६	३-१९-१२	५-२१-२५
१३	१९-३०- २	२१-३२-१५	२३-२२-३९	१-२४-५२	३-२३- ९	५-२५-२२
१४	१९-३३-५९	२१-३६-१२	२३-२६-३५	१-२८-४९	३-२७- ५	५-२९-१९
१५	१९-३७-५५	२१-४०- ९	२३-३०-३२	१-३२-४५	३-३१- २	५-३३-१५
१६	१९-४१-५२	२१-४४- ५	२३-३४-२९	१-३६-४२	३-३४-५८	५-३७-१२
१७	१९-४५-४८	२१-४८- २	२३-३८-२५	१-४०-३८	३-३८-५५	५-४१- ८
१८	१९-४९-४५	२१-५१-५८	२३-४२-२२	१-४४-३५	३-४२-५१	५-४५- ५
१९	१९-५३-४२	२१-५५-५५	२३-४६-१८	१-४८-३१	३-४६-४८	५-४९- १
२०	१९-५७-३८	२१ ५९ ५१	२३-५०-१५	१-५२-२८	३-५०-४५	५-५२-५८
२१	२०- १-३५	२२- ३-४८	२३-५४-११	१-५६-२४	३-५४-४१	५-५६-५४
२२	२०- ५-३१	२२ ७-४४	२३-५८- ८	२- ०-२१	३-५८-३८	६- ०-५१
२३	२०- ९-२८	२२-११-४१	०- २- ४	२- ४-१८	४- २-३४	६- ४-४८
२४	२०-१३-२४	२२-१५-३८	०- ६- १	२- ८-१४	४- ६-३१	६- ८-४४
२५	२०-१७-२१	२२-१९-३४	०- ९-५८	२-१२-११	४-१०-२७	६-१२-४१
२६	२०-२१-१७	२२-२३-३१	०-१३-५४	२-१६- ७	४-१४-२४	६-१६-३७
२७	२०-२५-१४	२२-२७-२७	०-१७-५१	२-२०- ४	४-१८-२०	६-२०-३४
२८	२०-२९-११	२२-३१-२४	०-२१-४७	२-२४- ०	४-२२-१७	६-२४-३०
२९	२०-३३- ७		०-२५-४४	२-२७-५७	४-२६-१४	६-२८-२७
३०	२०-३७- ४		०-२९-४०	२-३१-५३	४-३०-१०	६-३२-२३
३१	२०-४१- ०		०-३३-३७		४-३४- ७	

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सारिणी 'क'

सन् १९०० की ग्रीनिज मध्याह्न की विषुवकाल सारिणी

	जुलाई	अगस्त	सितम्बर	अक्तूबर	नवम्बर	दिसम्बर
ता०	घं० मि०से०	घं० मि० से०	घं० मि० से०	घं० मि० से०	घं० मि० सें०	घं० मि० से०
१	६-३६-२०	८-३८-३३	१०-४०-४६	१२-३९- ३	१४-४१-१६	१६-३९-३३
२	६-४०-१७	८-४२-३०	१०-४४-४३	१२-४३- ०	१४-४५-१३	१६-४३-२९
३	६-४४-१३	८-४६-२६	१०-४८-४०	१२-४६-५६	१४-४९- ९	१६-४७-२६
४	६-४८-१०	८-५०-२३	१०-५२-३६	१२-५०-५३	१४-५३- ६	१६-५१-२२
५	६-५२- ६	८-५४-१९	१०-५६-३३	१२-५४-४९	१४-५७- २	१६-५५-१९
से	६-५६- ३	८-५८-१६	११- ०-२९	१२-५८-४६	१५- ०-५९	१६-५९-१६
७	६-५९-५९	९- २-१३	११- ४-२६	१३- २-४२	१५- ४-५५	१७- ३-१२
८	७- ३-५६	९- ६- ९	११- ८-२२	१३- ६-३९	१५- ८-५२	१७- ७- ९
९	७- ७-५२	९-१०- ६	११-१२-१९	१३-१०-३५	१५-१२-४९	१७-११- ५
१०	७-११-४९	९-१४- २	११-१६-१५	१३-१४-३२	१५-१६-४५	१७-१५- २
११	७-१५-४६	९-१७-५९	११-२०-१२	१३-१८-२८	१५-२०-४२	१७-१८-५८
१२	७-१९-४२	९-२१-५५	११-२४- ८	१३-२२-२५	१५-२४-३८	१७-२२-५५
१३	७-२३-३९	९-२५-५२	११-२८- ५	१३-२६-२२	१५-२८-३५	१७-२६-५१
१४	७-२७-३५	९-२९-४८	११-३२- २	१३-३०-१८	१५-३२-३१	१७-३०-४८
१५	७-३१-३२	९-३३-४५	११-३५-५८	१३-३४-१५	१५-३६-२८	१७-३४-४५
१६	७-३५-२८	९-३७-४२	११-३९-५५	१३-३८-११	१५-४०-२४	१७-३८-४१
१७	७-३९-२५	९-४१-३८	११-४३-५१	१३-४२- ८	१५-४४-२१	१७-४२-३८
१८	७-४३-२१	९-४५-३५	११-४७-४८	१३-४६- ४	१५-४८-१८	१७-४६-३४
१९	७-४७-१८	९-४९-३१	११-५१-४४	१३-५०- १	१५-५२-१४	१७-५०-३१
२०	७-५१-१५	९-५३-२८	११-५५-४१	१३-५३-५७	१५-५६-११	१७-५४-२७
२१	७-५५-११	९-५७-२४	११-५९-३७	१३-५७-५४	१६- ०- ७	१७-५८-२४
२२	७-५९- ८	१०- १-२१	१२- ३-३४	१४- १-५१	१६- ४- ४	१८- २-२१
२३	८- ३- ४	१०- ५-१७	१२- ७-३१	१४- ५-४७	१६- ८- ०	१८- ६-१७
२४	८- ७- १	१०- ९-१४	१२-११-२७	१४- ९-४४	१६-११-५७	१८-१०-१४
२५	८-१०-५७	१०-१३-११	१२-१५-२४	१४-१३-४०	१६-१५-५३	१८-१४-१०
२६	८-१४-५४	१०-१७- ७	१२-१९-२०	१४-१७-३७	१६-१९-५०	१८-१८- ७
२७	८-१८-५०	१०-२१- ४	१२-२३-१७	१४-२१-३३	१६-२३-४७	१८-२२- ३
२८	८-२२-४७	१०-२५- ०	१२-२७-१३	१४-२५-३०	१६-२७-४३	१८-२६- ०
२९	८-२६-४४	१०-२८-५७	१२-३१-१०	१४-२९-२६	१६-३१-४०	१८-२९-५६
३०	८-३०-४०	१०-३२-५३	१२-३५- ६	१४-३३-२३	१६-३५-३६	१८-३३-५३
३१	८-३४-३७	१०-३६-५०		१४-३७-२०		१८-३७-५०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सारिणी 'क'

सारिणी 'क' में १९०० का ग्रीनिज का मध्याह्न काल का प्रतिदिन का विषुव काल दिया है। यदि जन्म का वर्ष नीचे लिखा कोई सा वर्ष हो तो उस वर्ष के आगे जितने मिनिट दिये गये हैं, वे + हैं तो जोड़िये, — हैं तो घटाइये। अभीष्ट वर्ष का ग्रीनिज के मध्याह्न का विषुव काल निकल आवेगा।

सन्	मि० से०
१९००	०— ०
१९०१	—०—५८
१९०२	—१—५५
१९०३	—२—५३
१९०५	—०—५२
१९०६	—१—४९
१९०७	—२—४७
१९०९	—०—४५
१९१०	—१—४२
१९११	—२—३९
१९१३	—०—३७
१९१४	—१—३४
१९१५	—२—३१
१९१७	—०—२८
१९१८	—१—२६
१९१९	—२—२३
१९२१	—०—२१
१९२२	—१—१९
१९२३	—२—१७
१९२५	—०—१५
१९२६	—१—१३
१९२७	—२—१०
१९२९	—०— ८
१९३०	—१— ५
१९३१	—२— २
१९३३	+०— १
१९३४	—०—५६
१९३५	—१—५४
१९३७	+०— ९
१९३८	—०—४९
१९३९	—१—४६
१९४१	+०—१५
१९४२	—०—४३
१९४३	—१—४०
१९४५	+०—२१
१९४६	—०—३६
१९४७	—१—३३
१९४९	+०—३०
१९५०	—०—२८
१९५१	—१—२५
१९५३	+०—३८
१९५४	—०—१९
१९५५	—१—१६
१९५७	+०—४६
१९५८	—०—१२
१९५९	—१—१०
१९६१	+०—५३
१९६२	—०— ४
१९६३	—१— ३
१९६५	+१— ०
१९६६	+०— ३
१९६७	—०—५४
१९६९	+१— ७
१९७०	+०—१०
१९७१	—०—४७
१९७३	+१—१४
१९७४	+०—१८
१९७५	—०—३९
१९७७	+१—२२
१९७८	+०—२५
१९७९	—०—३२

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यह सारिणी पिछले वर्षों के रेफिल के पंचागों से बनाई गई है। रेफिल के पंचांगों में प्रतिवर्ष का प्रतिदिन का, ग्रीनिज का मध्याह्नकालिक विषुव काल दिया रहता है। जिनके पास अभीष्ट वर्ष का रैफिल या लाहिरी का पंचांग है उन्हें सारिणी 'क','का', 'ख', 'खा' की आवश्यकता नहीं है। वह उस वर्ष का रैफिल का पंचांग निकाल कर देख सकते हैं कि किस वर्ष में किस दिन ग्रीनिज का मध्याह्नकालिक विषुव काल क्या था। लाहिरी के पंचांग में ८२°-३०' देशान्तर के लोकल मीन टाइम १२ बजे का विषुव काल दिया रहता है। किन्तु जिनके पास प्राचीन पंचांग नहीं हैं, या अंग्रेजी के पंचांग देखने का जिनको अभ्यास नहीं है उनके लिए यह समस्या है कि गत वर्ष के किसी दिन-विशेष के स्थानीय मध्यम काल (दिन के १२ बजे) स्थानीय विषुव काल क्या था।

प्रस्तुत सारिणी से लग्न स्पष्ट करने के लिए स्थानीय मध्यमकाल (दिन के) मध्याह्न का विषुव काल आवश्यक होता है। प्रस्तुत सारिणी 'क' और 'का' की सहायता से किसी भी वर्ष के (जिसमे ३६५ दिन हों) किसी भी दिन का ग्रीनिज के मध्याह्न का विषुव काल निकल आयेगा। उसमें संस्कार करके आप स्थानीय विषुव काल १२ बजे लोकल मीन टाइम (स्थानीय मध्यम काल) का निकाल सकते हैं। यह प्रक्रिया पहले समझाई जा चुकी है। पुनः उदाहरण द्वारा स्पष्ट किया जाता है जिससे यह विषय पाठकों को हृदयंगम हो जावे।

उदाहरण

(१) ५ नवम्बर १९१७ को बंगलौर में स्थानीय मध्यम काल (लोकल मीन टाइम) दिन के १२ बजे क्या विषुव काल था?

	घं०मि०से०
(क) सन् १९०० की विषुव काल की सारिणी 'क' में ५ नवम्बर को ग्रीनिज मध्याह्न का विषुव काल—	१४-५७- २
(ख) सारिणी 'का' में देखा १९१७ के सामने लिखा है—२८ सेकिंड, इसलिए यह घटाइये—	०- ०-२८
(ग) इसलिये ५ नवम्बर १९१७ का विषुव काल आया—	१४-५६-३४
(घ) बंगलौर का ग्रीनिज से देशान्तर है ७७°-३६' इसलिये इसके दोतिहाई सेकिंड=५१ सेकिंड स्थानीय मध्याह्न के विषुव काल बनाने के लिए घटाइए—	०- ०-५१
(ङ) बंगलौर के १२ बजे लोकल मीन टाइम मध्याह्न का विषुव काल—५ नवम्बर सन् १९१७ का आया—	१४-५५-४३

(२) जम्मू के मध्याह्न के स्थानीय मध्य काल के दिन के बारह बजे १४ अप्रैल १९०५ को विषुव काल क्या था?

	घं०मि०से०
(क) १४ अप्रैल १९०५ का विषुवकाल (ग्रीनिज)का सारिणी 'क' में दिया है—	१- २८-४९
(ख) सारिणी 'का' में १९०५ के आगे लिखा है—५२ सेकिंड, इसलिये ५२ सेकिंड घटाइये—	०- ०-५२
(ग) १४ अप्रैल १९०५ के मध्याह्न का ग्रीनिज का विषुव काल यह आया—	१-२७-५७
(घ) जम्मू का ग्रीनिज से देशान्तर है ७४°-५२' इसलिये इसके दो-तिहाई सेकिंड लगभग ५० सेकिंड घटाये जिससे जम्मू का मध्याह्न का विषुव काल निकल आवे—	०-०-५०
(ङ) १४ अप्रैल १५०५ को जम्मू के दिन के १२ बजे(स्थानीय मध्यम काल) विषुव काल—	१-२७-७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहाँ यह शंका उठ सकती है कि उपर्युक्त दोनों उदाहरणों में सारिणी 'क' और 'का' ही उपयोग क्यों किया ? सारिणी 'ख' और 'खा' को व्यवहार में क्यों नहीं लाए ? इसका उत्तर यह है कि सारिणी 'क' उस वर्ष की है जिसमें ३६५ दिन थे और सारिणी 'का' में केवल वे ही वर्ष दिए गए हैं जिनमें ३६५ दिन थे। ऊपर जो १९१७ तथा १९०५ उदाहरण में दिए गए हैं—ऐसे वर्ष हैं जिनमें ३६५ दिन थे। इसलिए सारिणी 'क' तथा 'का' का उपयोग किया। सारिणी 'खा' का उपयोग उन वर्षों के विषुव काल निकालने में किया जाता है जो लीप इयर हों, अर्थात् जिनमें ३६६ दिन हों। आगे सारिणियाँ 'ख' और 'खा' दी जाती हैं और लीप इयर के किसी दिन का—स्थानीय मध्याह्न का विषुव काल कैसे निकाला जाता है, यह सोदाहरण स्पष्ट किया जाता है।

NEPAL SANSKRIT UNIVERSITY 1986 AD
वाल्मीकि विद्यापीठ-पुस्तकालयः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सारिणी 'ख'

सन १६०४ की विषुव काल की सारिणी (ग्रीनिज का मध्याह्नकालिक विषुवकाल)

	जनवरी	फरवरी	मार्च	अप्रैल	मई	जून
ता०	घं० मि० से०	घं० मि०·से०	घं० मि० से०	घं० मि० से०	घं० मि० से०	घं० मि० से०
१	१८-३८-५३	२०-४१- ७	२२-३५-२७	०-३७-४०	२-३५-५६	४-३८- ९
२	१८-४२-५०	२०-४५- ३	२२-३९-२३	०-४१-३६	२-३९-५३	४-४२- ६
३	१८-४६-४६	२०-४९- ०	२२-४३-२०	०-४५-३३	२-४३-४९	४-४६- ३
४	१८-५०-४३	२०-५२-५६	२२-४७-१६	०-४९-२९	२-४७-४६	४-४९-५९
५	१८-५४-४०	२०-५६-५३	२२-५१-१३	०-५३-२६	२-५१-४२	४-५३-५६
६	१८-५८-३६	२१- ०-४९	२२-५५- ९	०-५७-२२	२-५५-३९	४-५७-५२
७	१९- २-३३	२१- ४-४६	२२-५९- ६	१- १-१९	२-५९-३६	५- १-४९
८	१९- ६-२९	२१- ८-४२	२२- ३- २	१- ५-१६	३- ३-३२	५- ५-४५
९	१९-१०-२६	२१-१२-३९	२३- ६-५९	१- ९-१२	३- ७-२९	५- ९-४२
१०	१९-१४-२२	२१-१६-३६	२३-१०-५६	१-१३- ९	३-११-२५	५-१३-३८
११	१९-१८-१९	२१-२०-३२	२३-१४-५२	१-१७- ५	३-१५-२२	५-१७-३५
१२	१९-२२-१५	२१-२४-२९	२३-१८-४९	१-२१- २	३-१९-१८	५-२१-३२
१३	१९-२६-१२	२१-२८-२५	२३-२२-४५	१-२४-५८	३-२३-१५	५-२५-२८
१४	१९-३०- ९	२१-३२-२२	२३-२६-४२	१-२८-५५	३-२७-११	५-२९-२५
१५	१९-३४- ५	२१-३६-१८	२३-३०-३८	१-३२-५१	३-३१- ८	५-३३-२१
१३	१९-३८- २	२१-४०-१५	२३-३४-३५	१-३६-४८	३-३५- ५	५-३७-१८
१७	१९-४१-५८	२१-४४-११	२३-३८-३१	१-४०-४५	३-३९- १	५-४१-१४
१८	१९-४५-५५	२१-४८- ८	२३-४२-२८	१-४४-४१	३-४२-५८	५-४५-११
१९	१९-४९-५१	२१-५२- ४	२३-४६-२५	१-४८-३८	३-४६-५४	५-४९- ७
२०	१९-५३-४८	२१-५६- १	२३-५०-२१	१-५२-३४	३-५०-५१	५-५३- ४
२१	१९-५७-४४	२१-५९-५८	२३-५४-१८	१-५६-३१	३-५४-४७	५-५७- १
२२	२०- १-४१	२२- ३-५४	२३-५८-१४	२- ०-२७	३-५८-४४	६- ०-५७
२३	२०- ५-३८	२२- ७-५१	०- २-११	२- ४-२४	४- २-४०	६- ४-५४
२४	२०- ९-३४	२२-११-४७	०- ६- ७	२- ८-२०	४- ६-३७	६- ८-५०
२५	२०-१३-३१	२२-१५-४४	०-१०- ४	२-१२-१७	४-१०-३४	६-१२-४७
२६	२०-१७-२७	२२-१९-४०	०-१४- ०	२-१६-१३	४-१४-३०	६-१६-४३
२७	२०-२१-२४	२२-२३-३७	०-१७-५७	२-२०-१०	४-१८-२७	६-२०-४०
२८	२०-२५-२०	२२-२७-३३	०-२१-५३	२-२४- ७	४-२२-२३	६-२४-३६
२९	२०-२९-१७	२२-३१-३०	०-२५-५०	२-२८- ३	४-२६-२०	६-२८-३३
३०	२०-३३-१३		०-२९-४७	२-३२- ०	४-३०-१६	६-३२-३०
३१	२०-३७-१०		०-३३-४३		४-३४-१३	

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सारिणी 'ख'

सन् १९०४ की ग्रीनिज मध्याह्न की विषुवकाल सारिणी

	जुलाई	अगस्त	सितम्बर	अक्तूबर	नवम्बर	दिसम्बर
ता०	घं० मि०से०	घं० मि० से०	घं० मि० से०	घं० मि० से०	घं० मि० से०	घं० मि० से०
१	६-३६-२६	८-३८-३९	१०-४०-५३	१२-३९- ९	१४-४१-२२	१६-३९-३९
२	६-४०-२३	८-४२-३६	१०-४४-४९	१२-४३- ६	१४-४५-१९	१६-४३-३५
३	६-४४-१९	८-४६-३३	१०-४८-४६	१२-४७- २	१४-४९-१५	१६-४७-३२
४	६-४८-१६	८-५०-२९	१०-५२-४२	१२-५०-५९	१४-५३-१२	१६-५१-२९
५	६-५२-१२	८-५४-२६	१०-५६-३९	१२-५४-५५	१४-५७- ८	१६-५५-२५
६	६-५६- ९	८-५८-२२	११- ०-३५	१२-५८-५२	१५- १- ५	१६-५९-२२
७	७- ०- ६	९- २-१९	११- ४-३२	१३- २-४८	१५- ५- २	१७- ३-१८
८	७- ४- २	९- ६-१५	११- ८-२८	१३- ६-४५	१५- ८-५८	१७- ७-१५
९	७- ७-५९	९-१०-१२	११-१२-२५	१३-१०-४२	१५-१२-५५	१७-११-११
१०	७-११-५५	९-१४- ८	११-१६-२२	१३-१४-३८	१५-१६-५१	१७-१५- ८
११	७-१५-५२	९-१८- ५	११-२०-१८	१३-१८-३५	१५-२०-४८	१७-१९- ४
१२	७-१९-४८	९-२२- १	११-२४-१५	१३-२२-३१	१५-२४-४४	१७-२३- १
१३	७-२३-४५	९-२५-५८	११-२८-११	१३-२६-२८	१५-२८-४१	१७-२६-५८
१४	७-२७-४१	९-२९-५५	११-३२- ८	१३-३०-२४	१५-३२-३७	१७-३०-५४
१५	७-३१-३८	९-३३-५१	११-३६- ४	१३-३४-२१	१५-३६-३४	१७-३४-५१
१६	७-३५-३५	९-३७-४८	११-४०- १	१३-३८-१७	१५-४०-३१	१७-३८-४७
१७	७-३९-३१	९-४१-४४	११-४३-५७	१३-४२-१४	१५-४४-२७	१७-४२-४४
१८	७-४३-२८	९-४५-४१	११-४७-५४	१३-४६-११	१५-४८-२४	१७-४६-४०
१९	७-४७-२४	९-४९-३७	११-५१-५०	१३-५०- ७	१५-५२-२०	१७-५०-३७
२०	७-५१-२१	९-५३-३४	११-५५-४७	१३-५४- ४	१५-५६-१७	१७-५४-३३
२१	७-५५-१७	९-५७-३०	११-५९-४४	१३-५८- ०	१६- ०-१३	१७-५८-३०
२२	७-५९-१४	१०- १-२७	१२- ३-४०	१४- १-५७	१६- ४-१०	१८- २-२७
२३	८- ३-१०	१०- ५-२४	१२- ७-३७	१४- ५-५३	१६- ८- ६	१८- ६-२३
२४	८- ७- ७	१०- ९-२०	१२-११-३३	१४- ९-५०	१६-१२- ३	१८-१०-२०
२५	८-११- ४	१०-१३-१७	१२-१५-३०	१४-१३-४६	१६-१६- ०	१८-१४-१६
२६	८-१५- ०	१०-१७-१३	१२-१९-२६	१४-१७-४३	१६-१९-५६	१८-१८-१३
२७	८-१८-५७	१०-२१-१०	१२-२३-२३	१४-२१-३९	१६-२३-५३	१८-२२- ९
२८	८-२२-५३	१०-२५- ६	१२-२७-१९	१४-२५-३६	१६-२७-४९	१८-२६- ६
२९	८-२६-५०	१०-२९- ३	१२-३१-१६	१४-२९-३३	१६-३१-४६	१८-३०- ३
३०	८-३०-४६	१०-३२-५९	१२-३५-१३	१४-३३-२९	१६-३५-४२	१८-३३-५९
३१	८-३४-४३	१०-३६-५६		१४-३७-२६		१८-३७-५६

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सारिणी 'खा'

सारिणी 'ख' में १९०४ का ग्रीनिज मध्याह्न काल का विषुव काल दिया गया है। यदि जन्म का वर्ष नीचे लिखा कोई सा वर्ष हो तो उस वर्ष के आगे जितने मिनिट, सेकिंड दिये हों वे + हैं तो जोड़िये, — हैं तो घटाइये।

सन्	मि० से०
१९०४	०—०
१९०८	+०—७
१९१२	+०—१५
१९१६	+०—२३
१९२०	+०—३१
१९२४	+०—३७
१९२८	+०—४४
१९३२	+०—५२
१९३६	+१—०
१९४०	+१—७
१९४४	+१—१३
१९४८	+१—२१
१९५२	+१—२९
१९५६	+१—३७
१९६०	+१—४४
१९६४	+१—५२
१९६८	+१—५९
१९७२	+२—६
१९७६	+२—१४
१९८०	+२—२०

सारिणी 'खा'

उदाहरण (१)

१ जून १९१६ को दिन के (स्थानीय मध्यम काल के) १२ बजे काशी में विषुव काल क्या होगा ?

(क) सारिणी 'ख' से ग्रीनिज का १ जून १९०४ का विषुवकाल लिया— घं०मि०से० ४-३८-९

(ख) १९१६ का विषुव काल बनाने के लिये सारिणी 'खा' में १९१६ के आगे लिखा है+२३ सेकिंड, इसलिए जोड़े— ०-०- २३

(ग) ग्रीनिज के मध्याह्न का १ जून सन् १९१६ का विषुव काल— ४-३८-३२

(घ) काशी का ग्रीनिज से देशान्तर ८२-५९ है इसलिये इसके दो-तिहाई सेकिंड लगभग ५५ सेकिंड कम किये— ०-० -५५

(ङ) काशी के स्थानीय मध्यम काल १२ बजे दिन का १ जून १९१६ का विषुव काल— ४-३७-३७

उदाहरण (२)

२७ सितम्बर १९३६ को दिन के (स्थानीय मध्यम काल के) १२ बजे पटियाला में विषुव काल क्या होगा ?

(क) सारिणी 'ख' से ग्रीनिज का २७ सित० का विषुवकाल लिया— घं०मि०से० १२-२३-२३

(ख) १९३६ का विषुवकाल बनाने के लिये सारिणी 'खा' में देखा कि १९३६ के आगे लिखा है+ १ मिनिट, इसलिये जोड़ा— ०- १- ०

(ग) ग्रीनिज मध्याह्न का २७ सितंबर १९३६ का विषुवकाल— १२-२४-२३

(घ) पटियाला का ग्रीनिज से देशान्तर ७६°-२४' है इसलिये इसके २ तिहाई सेकिंड लगभग ५१ सेकिंड कम किये— ०- ०-५१

(ङ) पटियाला के स्थानीय मध्यम काल के १२ बजे दिन का २७ सितम्बर १९३६ का विषुव काल— १२-२३-३२

उपर्युक्त दोनों उदाहरणों में ग्रीनिज के १९०४ के विषुव काल की सारिणी 'ख' क्यों उपयोग में लाई गई ? सन् १९०० की सारिणी 'क' को उपयोग में क्यों नहीं लिया ? क्योंकि सन् १९१६ और सन् १९३६ दोनों लीप-इयर थे। इन वर्षों में ३६६ दिन थे और सन् १९०४ में भी ३६६ दिन थे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सारिणी 'ग'

आगे सारिणी 'ग' दी गई है। उसकी सहायता से लग्न निकालना पिछले पृष्ठों में समझा चुके हैं। विशेष समझने के लिये पुस्तक के अंत में उदाहरण देखिए। दशम स्पष्ट या दशम भाव मध्य निकालने के लिये, पुस्तक के अंत में 'दशम भाव स्पष्ट' नामक प्रकरण का अवलोकन करें।

सारिणी 'ग' में प्रथम कोष्ठ विषुव काल का है। द्वितीय कोष्ठ दशम स्पष्ट का है; अर्थात् द्वितीय कोष्ठ में वह राशि और अंश दिया है, जो उस विषुव काल पर दशम भाव मध्य होगा। लग्न निकालने के लिये दशम स्पष्ट वाले कोष्ठ की आवश्यकता नहीं पड़ती इसलिये उस कोष्ठ को छोड़ दीजिये। आगे वाले कोष्ठों में—किस अक्षांश पर, किस विषुव काल पर कौन सा लग्न—कौन सा अंश, कौन सी कला उदित होगी, यह दिया गया है। जिस विषुव काल पर लग्न निकालना है उस विषुव काल के सामने और जिस अक्षांश पर जन्मस्थान है उसके नीचे लग्न दिया हुआ है। पुस्तक के अंत में दिये गए उदाहरणों से और भी स्पष्ट हो जावेगा।

———

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सारिणी 'ग'—निरयन लग्नसारिणी—अयनांश २३°

विषुव काल घं०	मि०	से०	दशम स्पष्ट	८° अ०		९° अ०		१०° अ०		११° अ०		१२° अ०		१३° अ०	
०	०	०	मीन ७°	१०° मिथुन	१२′	१०° मिथुन	३७′	११° मिथुन	०	११° मिथुन	२५′	११° मिथुन	५०′	१२° मिथुन	१५′
०	३	४०	८	११	२	११	२७	११	५१	१२	१६	१२	४१	१३	५
०	७	२०	९	११	५३	१२	१७	१२	४१	१३	६	१३	३०	१३	५५
०	११	०	१०	१२	४३	१३	७	१३	३१	१३	५६	१४	२०	१४	४५
०	१४	४१	११	१३	३३	१३	५७	१४	२१	१४	४६	१५	१०	१५	३५
०	१८	२१	१२	१४	२३	१४	४७	१५	११	१५	३६	१६	०	१६	२४
०	२२	२	१३	१५	१३	१५	३७	१६	१	१६	२६	१६	५०	१७	१४
०	२५	४२	१४	१६	४	१६	२८	१६	५१	१७	१६	१७	४०	१८	४
०	२९	२३	१५	१६	५५	१७	१८	१७	४२	१८	६	१८	३०	१८	५४
०	३३	४	१६	१७	४५	१८	९	१८	३२	१८	५६	१९	२०	१९	४४
०	३६	४५	१७	१८	३५	१८	५९	१९	२२	१९	४६	२०	१०	२०	३४
०	४०	२६	१८	१९	२६	१९	५०	२०	१३	२०	३७	२१	१	२१	२५
०	४४	८	१९	२०	१६	२०	४०	२१	३	२१	२७	२१	५१	२२	१५
०	४७	५०	२०	२१	७	२१	३१	२१	५४	२२	१८	२२	४१	२३	५
०	५१	३२	२१	२१	५८	२२	२१	२२	४४	२३	८	२३	३१	२३	५५
०	५५	१४	२२	२२	४९	२३	१२	२३	३५	२३	५९	२४	२२	२४	४५
०	५८	५७	२३	२३	३९	२४	२	२४	२६	२४	४९	२५	१२	२५	३५
१	२	४०	२४	२४	३०	२४	५३	२५	१७	२५	३९	२६	२	२६	२६
१	६	२३	२५	२५	२२	२५	४४	२६	७	२६	३०	२६	५३	२७	१६
१	१०	७	२६	२६	१३	२६	३६	२६	५८	२७	२१	२७	४४	२८	७
१	१३	५१	२७	२७	४	२७	२७	२७	४९	२८	१२	२८	३५	२८	५८
१	१७	३५	२८	२७	५६	२८	१८	२८	४१	२९	३	२९	२६	२९	४८
